दैनिक भास्कर 10-10-2023

स्टूडेंट्स को सरकार की स्वाबलंबी योजनाएं के बारे में जानकारी दी

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन व डॉ. रवनीत कौर के नेतृत्व में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय एमएसएमई हरियाणा स्कीम्स में मुख्य वक्ता जिला व्याख्यान औद्योगिकरण ऑफिसर मयूर मंचाल ने अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम प्रबंधन विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन के सहयोग में डॉ. राकेश कुमार के संयोजन में किया। पहले चरण में प्रिंसिपल मुख्य वक्ता का अभिनंदन किया। मुख्यवक्ता ने अपने व्याख्यान में प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सरकार की स्वाबलंबी योजनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अमीता तथा डॉ. नीलम उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. रवनीत कौर ने किया।